तारीख	राजस्व विविध प्रकरण संख्या 534/2022 हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज उगमसिंह वगैराह बनाम श्रीमती पुष्पा वगैराह	नम्बर व ता... अहकाम जो... हुक्म को ता... जारी हु...

दिनांक 27.03.2023

पत्रावली आज दिनांक को पेश हुई। पक्षकारान के अधिवक्तागण उपस्थित। रेस्पो संख्या 03 ता 5 की ओर से उपस्थित अधिवक्ता के द्वारा एक प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए कथन किया कि पक्षकारो के मध्य विचाराधीन मूल वाद में राजीनामा होने से यह अपील प्रभावहीन हो गई है। सहायक कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रस्तुत नियमित वाद में अपीलार्थी व रेस्पोडेन्ट के मध्य जरिये राजीनामा वाद स्वीकार कर दिनांक 06.01.2023 को डिक्री जारी कर दी गई है। ऐसें में विवादित भूमि के सम्बन्ध में अब कोई विवाद शेष नहीं रहा है। अतः प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों एवं पारित डिक्री निर्णय के अनुसार मूल वाद राजीनामा से निर्णित हो जाने से अपीलान्ट की यह अपील प्रभावहीन होने से खारिज कर दी जावे।

रेस्पो0 संख्या 3 ता 5 के अधिवक्ता के द्वारा प्रकट किये गये तथ्यों एवं प्रस्तुत दस्तावेज सहायक कलेक्टर न्यायालय, लोहावट के द्वारा राजस्व वाद संख्या 218/2021 अनवान उगमसिंह वगैराह बनाम पुष्पा वगैराह में पारित निर्णय दिनांक 06.01.2023 एवं जारी डिक्री एवं अपील पत्रावली का अवलोकन किया गया। उक्त आदेश व जारी डिक्री दिनांक 06.01.2023 में तथा न्यायालय हाजा के समक्ष विचाराधीन उक्त अपील में वर्णित विवादित खसरान संख्या 1322, 1322/1 व 1322/2 ग्राम इन्दो का बास, तहसील आउ के सम्बन्ध में पक्षकारान के मध्य हुए विवाद का जरिये वाद में प्रस्तुत हुए राजीनामें अनुसार अन्तिम निपटारा होना उल्लेखित दस्तावेजों की छायाप्रति के अवलोकन से प्रकट होता है। अपीलान्ट के अधिवक्ता द्वारा इस सम्बन्ध में कोई क्रोस ऑब्जेक्शन नहीं किया गया है। ऐसे में उक्त विचाराधीन अपील प्रकरण को और विचाराधीन रखा जाना उचित नहीं रहेगा। अतः अपीलान्ट की अपील उक्त राजस्व वाद में जारी राजीनामा निर्णय व डिक्री के परिप्रेक्ष्य में खारिज की जाती है। पत्रावली बाद निस्तारण नम्बर से कम की जावे।

अति0 सम्भागीय आयुक्त
जोधपुर

अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त
जोधपुर

न्यायालय अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर